
एक नजर में



### एमआईटीएस में 'नव वर्ष - नव चेतना 2026' का आयोजन

ग्वालियर। माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (सम-विश्वविद्यालय) के 'द भगवत क्लब' द्वारा चैत्र नववर्ष के पावन अवसर पर 'नव वर्ष-नव चेतना 2026' कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के परिसर में एक गरिमामय आयोजन आयोजित हुआ। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति रुचि, श्रद्धा एवं अभिव्यक्ति क्षमता का संवर्धन करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ विष्णु नारायण तिवारी, विश्वगीता प्रतिष्ठान तथा मुख्य अतिथि डॉ. सारिका श्रीवास्तव (सहायक प्राध्यापक, भौतिकी, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। साथ थे प्रो चन्द्र शेखर मालवी और भगवत क्लब के सदस्य। मुख्य वक्ता आचार्य ओमप्रकाश ने श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय के माध्यम से आत्मबोध तथा शुद्ध उच्चारण के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 'द भगवत क्लब' के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं वर्तमान अध्यक्ष रविन्द्र मेहरा द्वारा विश्वगीता प्रतिष्ठानम: डॉ विष्णुनारायण तिवारी, डॉ अंजना कुमारी, डॉ. जे. एल. त्रिपाठी, गौरव, प्रो. बाबूलाल मीणा आदि एवं मुख्य अतिथि डॉ. सारिका श्रीवास्तव को स्मृति-चिह्न भेंट किया गया। साथ ही, संस्थान के संकाय समन्वयक डॉ. सी.एस. मालवी, मुख्य अतिथि डॉ. सारिका श्रीवास्तव एवं उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



### ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर सीपीआर अवेयरनेस ट्रैनिंग का हुआ आयोजन

ग्वालियर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के माधवगंज स्थित प्रभु उपहार भवन में भारतीय नववर्ष, नवसंवत्सर, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि, विक्रम संवत 2083 के अवसर पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुयों ने भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी, आईएमए ग्वा. की पूर्व सेक्रेटरी और प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेह लता दुबे, वरिष्ठ राजयोग ध्यान प्रशिक्षक बीके प्रहलाद भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीपीआर अवेयरनेस ट्रैनिंग के तहत डॉ स्नेह लता दुबे ने कहा कि अचानक हृदय गति रुकने से होने वाली मौतों को सीपीआर द्वारा रोका जा सकता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज, आईएमए तथा गोग्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन बीके प्रहलाद भाई ने किया।



### प्राचीन संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण का संकल्प दोहराया

ग्वालियर। हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आरोग्य भारती ग्वालियर एवं स्थानीय सनातनी समाज द्वारा माधव नगर गेट चौराहे पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीपों की रोशनी और आतिशबाजी के बीच जनमानस ने पारंपरिक उत्साह के साथ नव संवत का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरोग्य भारती के प्रांतीय अधिकारी जेपी शर्मा एवं नागरिक सहकारी बैंक के संचालक पुरुषोत्तम दास गुप्ता द्वारा भारत माता के चित्र पर पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित मातृशक्ति और नागरिकों ने सामूहिक रूप से भारत माता की आरती का गान किया। पूरे चौराहे को दीपकों से सजाया गया। कार्यकर्ताओं ने राहगीरों और उपस्थित लोगों को चंदन का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर नव वर्ष की मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर सह नगर कार्यवाह पवन गंढफूले, विभाग संयोजक डॉ. चरण सिंह, डॉ. अंजलि रायजादा, डॉ. रजनीश नीखरा, डॉ. राहुल शर्मा, विकास भट्ट, गायत्री शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 मार्च.** ट्रैक्टर लेकर डबरा से ग्वालियर आ रहे युवक हादसे का शिकार हो गए। कंटेनर चालक ने लापरवाही व तेजी से वाहन चलाते हुए पीछे से ट्रैक्टर में टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना बिलौआ थाना क्षेत्र के जौरासी घाटी पर हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। राकेश रावत व संजय रावत निवासी डबरा ट्रैक्टर लेकर ग्वालियर आ रहे थे। ट्रैक्टर के पीछे कंटेनर नम्बर एचआर 47ई-0412



चला आ रहा था। जौरासी घाटी के पास ट्रैक्टर पहुंचा था तभी कंटेनर चालक ने पीछे से उसमें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि संजय व राकेश ट्रैक्टर से उछलकर दूर जा गिरे। हादसे के बाद कंटेनर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। राकेश रावत व संजय रावत को अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने राकेश रावत को मृत घोषित कर दिया। वहीं संजय रावत को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

**इनका कहना है कि..**

हादसे में एक युवक की मौत हुई है, जबकि दूसरा युवक प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। कंटेनर चालक की तलाश की जा रही है।

**इला टंडन**
**थाना प्रभारी बिलौआ**

### ट्रक ने मारी टक्कर ,बाइक सवार तीन घायल

ग्वालियर। पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के निरावली तिराहे के आगे पुल के ऊपर लापरवाह चालक की वजह से तीन लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ गई। ट्रक चालक ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए आगे जा रही बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर घिसटकर घायल हो गए। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। बानमोर के रहने वाले रामसिया यादव, हरी सिंह यादव तथा सेवाराम जाटव बानमोर सामान लेने गए थे। सामान लेने के बाद वापस अपने गांव पिनावली जा रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। इनकी बाइक के पीछे ट्रक नम्बर एचआर 38एजे-8036 आ रहा था। बाइक सवार अभी निरावली के पास पुल पर पहुंचे थे कि तभी ट्रक चालक ने ओवरटेक करने की कोशिश की जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया। ट्रक से नियंत्रण हटते ही आगे जा रहे बाइक सवारों में ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामसिया, हरी सिंह तथा सेवाराम जाटव सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इनकी बाइक के पीछे ही ताऊ का लड़का कालू यादव दूसरी बाइक से आ रहा था। हादसा होते ही कालू यादव ने इसकी सूचना परिजनों को दी और घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे। घायलों की हालत देखते हुए अस्पताल में भर्ती कर लिया है।

## जीडीए की भूमि हड़पने वालों पर एफआईआर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 मार्च.** जीडीए (ग्वालियर विकास प्राधिकरण) की भूमि हड़पने वाले हाउसिंग सोसायटियों के कर्ता धर्ताओं के खिलाफ देर रात एफआईआर दर्ज की गई है। प्राधिकरण द्वारा उक्त कार्रवाई विभागीय स्तर पर की गई जांच में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर की गई है। बता दें कि जीडीए द्वारा

### जांच में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर प्राधिकरण ने की कार्रवाई

की गई जांच में स्पष्ट हुआ था, कि श्रीगणेश सोसायटी के अध्यक्ष गोल पहाड़िया निवासी संतोष शर्मा ने आनंद नगर योजना में डाकघर के लिए आरक्षित भूमि भी फर्जीवाड़ा करते हुए बेच दी। इसी तरह ईवा गृह निर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र भारद्वाज एवं अधिकृत पुनीत शर्मा निवासी गांधी नगर ने जमीन की आड़ में जीडीए के आधिपत्य वाली जमीन को भी बेच दिया है। उक्त जालसाजी सामने आने पर जीडीए के सीईओ नरोत्तम भार्गव ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद जीडीए द्वारा लगातार संबंधित थानों को आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध करवाने के आवेदन दिए जा रहे थे। नरोत्तम भार्गव के निर्देश पर महाराजपुरा एवं बहोड़ापुर थानों को आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए तीन चार बार पत्राचार किया गया। चूंकि जीडीए को करोड़ों रुपए का चूना लगाने वाले आरोपी भी रसूखदार हैं, जिससे पुलिस इनके विरूद्ध एकाएक कार्रवाई करने से कतरा रही थी। इस पर जीडीए ने एसएसपी धर्मवीर सिंह के समक्ष शिकायत की थी। जिसमें आवश्यक साक्ष्य व दस्तावेज प्रस्तुत करने पर पुलिस कप्तान द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### इनके खिलाफ दर्ज करवाया प्रकरण

जीडीए के सब इंजीनियर अनिल बंसल की शिकायत पर महाराजपुरा थाना पुलिस ने ईवा गृह निर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र भारद्वाज एवं अधिकृत पुनीत शर्मा निवासी गांधी नगर को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। जबकि बहोड़ापुर थाना पुलिस द्वारा श्रीगणेश सोसायटी के अध्यक्ष संतोष शर्मा निवासी गोल पहाड़िया के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### एक्टिवा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर। पुलिस ने साई कॉलोनी से चोरी हुई एक्टिवा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फरियादी संदीप कुमार गुप्ता निवासी साई कॉलोनी (गुढ़ा-गुढ़ी का नाका) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर के बाहर से अज्ञात चोर उनकी एक्टिवा चोरी कर ले गया है। थाना प्रभारी कंपू निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से संदेही को चिन्हित किया। पुलिस ने घेराबंदी कर कुनाल कुशवाह (20 वर्ष) निवासी सिंधिया नगर को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर चांदवाड़ी दीवार के पास छिपाई गई चोरी की एक्टिवा पुलिस ने जब्त कर ली है।

## वरिष्ठता सूची जारी करने पर क्षेत्रीय संचालक का आभार : कोमल सिंह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 मार्च.** ग्वालियर संभाग के स्वास्थ्य कर्मचारियों के विभिन्न कैडर जैसे रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन, लेखपाल, सहायक वर्ग -1, सहायक वर्ग -2, मुख्य लिपिक, प्रयोगशाला सहायक, डार्करूम सहायक, संगणक, एम पी डब्ल्यू आदि प्रोविजनल वरिष्ठता सूची क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ग्वालियर डॉ नीलम सक्सेना द्वारा जारी किए जाने पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने आभार व्यक्त किया है साथ ही सूची में उल्लेखित कर्मचारियों से भी अनुरोध है कि सूची में कोई त्रुटि या संशोधन करना है तो वह 15 दिवस में अभ्यावेदन कार्यालय के माध्यम प्रस्तुत करें जिससे अंतिम वरिष्ठता सूची जारी हो सके। आभार व्यक्त करने बालों में रणबीर सिंह सिकरवार प्रदेश महामंत्री, महादेव सिंह गोयल संभागीय अध्यक्ष, महेंद्र कुमार जैन जिला अध्यक्ष, महेंद्र सिंह परिहार प्रदेश सचिव, दिलीप सिंह राठौर जिला महामंत्री, विकाश गुप्ता जिला सचिव, हरिमोहन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष, अतेंद्र रावत, ब्लॉक अध्यक्ष, सी एल राठौर ब्लॉक अध्यक्ष, दिलीप सिंह सोन, ऋषि बोहरे, संजय रावत, पान सिंह, कोमल सिंह, धर्मवीर शुक्ला, रश्मि जायसवाल, मीना शर्मा, महादेवी चौबे, विजया सिंह, ज्योति कुशवाह, सुमन नरवरिया, नीलम सुमन, अंजना दीक्षित, लाखन सिंह सिसोदिया महावीर गुप्ता, अजय सक्सेना, जागृति सेंगर, माया उइके, रजनी साल्या, दीपा राठौर आदि प्रमुख है।

## आईटीएम में छात्र-छात्राओं ने किया एग्रोफॉरेस्ट्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का भ्रमण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 मार्च.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफसाइंसेस के जैव प्रौद्योगिकी एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा आईसीएआर-सेंट्रल एग्रोफॉरेस्ट्री रिसर्च इंस्टिट्यूट (सीएएफआरआई) झांसी के

**प्रशिक्षण का उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक कौशल से जोड़ना है : डॉ. रीता शर्मा**

सहयोग से तीन दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'बेसिक प्लांट मॉलिक्यूलर एवं बायोकैमिस्ट्री तकनीकें' रहा। आईसीएआर-सीएएफआरआई के निदेशक डॉ. ए. अरुणाचलम के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में वैज्ञानिक डॉ. के.राजाराजन (जेनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग) और अस्टिेंट प्रोफेसर डॉ. रीता शर्मा (जैवप्रौद्योगिकी विभाग, स्कूल ऑफसाइंसेस) समन्वयक के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



जैव प्रौद्योगिकी एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित हैंड्स ऑन प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिवस प्रतिभागियों को प्रयोगशाला सुरक्षा मानकों, उपकरणों के परिचालन तथा आणविक जीवविज्ञान की आधारभूत अवधारणाओं से अवगत कराया गया। हैंड्स ऑन प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर पीसीआर (पॉलिमरेज़ चेन रिएक्शन) तकनीक का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तृतीय दिवस पर जैव रसायन एवं पादप शरीर क्रिया विज्ञान से संबंधित प्रयोग सम्पन्न कराए गए।

छात्र-छात्राओं ने पत्तियों में क्लोरोफिल एवं कैरोटिनॉयड की मात्रात्मक गणना की प्रक्रिया को सीखा, जिससे प्रकाश संश्लेषण की दक्षता और पादप स्वास्थ्य के आकलन की समझ विकसित हुई। छात्र-छात्राओं ने किया एग्रोफॉरेस्ट्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का भ्रमण। हैंड्स ऑन प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को एग्रोफॉरेस्ट्री बिज़नेस इन्क्यूबेशन सेंटर का भ्रमण भी कराया गया। जहां वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने कृषि वानिकी आधारित स्टार्टअप, मूल्य संवर्धन, उत्पाद विकास एवं उद्यमिता के अवसरों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम समन्वयक अस्टिेंट प्रोफेसर डॉ. रीता शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं को पादप आणविक जीवविज्ञान, जैव रसायन, पादप शरीर क्रिया विज्ञान तथा कृषि वानिकी अनुसंधान की आधुनिक प्रयोगशाला एवं क्षेत्रीय तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक कौशल से जोड़ सकें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## एमिटी विवि में 'एंटरप्रेन्योरशिप अनबाउंड' थीम पर हुआ गहन मंथन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 मार्च.** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी बिजनेस स्कूल द्वारा 'टेडएक्स एयूएमपी 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चर्चा का विषय 'एंटरप्रेन्योरशिप अनबाउंड' रहा। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता के नए विचारों से परिचित कराना और उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उद्योग जगत एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए उद्यमी वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलगुरु प्रो. आर. एस. तोमर के उद्बोधन से हुआ, जिसमें



उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को नए विचारों से जोड़ते हैं। कार्यक्रम की प्रथम अतिथि वक्ता निकिता पोरवाल 'फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024' रहीं उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के महत्व के बारे में बताया। दूसरे वक्ता प्रिसिजन इंडस्ट्रियल सिस्टम्स के चेयरमैन आशीष वैश्य रहे जिन्होंने उद्योग जगत के अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को नवाचार और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तीसरे वक्ता साहिल जुनेजा, को फाउंडर और सीईओ चाय कापी ने अपनी स्टार्टअप यात्रा के अनुभव साझा किए और बताया कि नए विचारों को सही दिशा में काम करके सफल बनाया जा सकता है। चौथी वक्ता ईशा झवर रहीं जो रीपीट गुड की फाउंडर और सीईओ हैं। उन्होंने सामाजिक उद्यमिता और जिम्मेदार व्यवसाय के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. शर्मा (एवीएसएम), सेवानिवृत्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में प्रेरणादायक बनते है। इस अवसर पर एमिटी बिजनेस स्कूल की प्रमुख प्रो. (डॉ.) नविता नाथानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक डॉ. आस्था जोशी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव द्विवेदी, डॉ. अजीत सिंह और डॉ. गीतांजलि डांगी ठाकुर, डॉ. उमेश गौतम सहित बड़ी संख्या में फैकल्टी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## झांसी से बरामद हुई गुमशुदा महिला

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 मार्च.** ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना पिछोर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब 20 दिन पहले

**पिछोर पुलिस को मिली सफलता**

घर से बिना बताए गई एक विवाहिता को उत्तर प्रदेश के गुरसराय (झांसी) से सुरक्षित बरामद कर लिया है। पिछोर निवासी विनोद जाटव (परिवर्तित नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 फरवरी को उनकी 21 वर्षीय पत्नी सुनीता (परिवर्तित नाम) बच्चे के साथ अचानक लापता हो गई हैं। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार एवं थाना प्रभारी पिछोर शिवम राजावत के नेतृत्व में तकनीकी सेल की मदद से महिला की तलाश शुरू की गई। इस मामले में उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकर याचिका भी दायर की गई थी। तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने झांसी जिले के गुरसराय में दबिश दी। वहाँ से महिला को दस्तयाब कर संदेही संदीप जाटव (19 वर्ष) निवासी पुरानी छावनी को अभिरक्षा में लिया गया है।



## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जन सहयोग से चला जल गंगा संवर्धन अभियान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 मार्च.** नव संवत्सर के साथ ही जल संरक्षण को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान के तहत ग्वालियर स्थित ग्राम पंचायत गुर्री में भदावना धाम पर सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से ग्वालियर ग्रामीण विधायक साहब सिंह गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव, उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह घुरैया, प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम सहित उपाध्यक्ष जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उपस्थित रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रारंभ में सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने भदावना धाम पर जाकर भगवान के दर्शन किए। इसके बाद भदावना धाम स्थित घाट की सफाई अभियान प्रारंभ किया। सफाई अभियान के साथ प्रकृति संरक्षण के लिए पौधरोपण भी किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में विधायक साहब सिंह गुर्जर ने कहा कि हमें अपने पुराने जल स्त्रोतों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नदी, नालों एवं छोटे-छोटे चैक डैमों का संरक्षण एवं निर्माण करने की आवश्यकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने कहा कि हमें वर्षा के जल को संरक्षित करने की आवश्यकता है, जिससे हमारा कल सुरक्षित हो सके। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जन सहयोग से पुरानी जल संरचनाओं के सफाई और संरक्षरण करने के लिए कार्य किये गए।

### जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं, **योगेन्द्र सिंह कुशवाह** पुत्र **श्री हजूरी सिंह कुशवाह** निवासी ग्राम दिवियापुरा पोस्ट टेहेनगुर थाना नया गांव तहसील व जिला भिण्ड (म.प्र.) 477001, सूचित करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी **श्रीमती बिनीता देवी** (BINITA DEVI) की **जन्मतिथि 01/01/1984** त्रुटिवश अंकित है। जबकि मेरी पत्नी के आधार कार्ड, पेन कार्ड में **जन्मतिथि 18/05/1985** अंकित है, जो कि सही है। अत: मेरे असम राइफल्स सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी की **जन्मतिथि 01/01/1984** के स्थान पर **जन्मतिथि 18/05/1985** दर्ज किया जावे। सत्यापित ऐफिडेबिट नं. BX 685731 दिनांक 19/03/2026.

### नाम परिवर्तन सूचना

**में, पुष्पा शर्मा पत्नी स्व. रूपनारायण शर्मा आर्मी सर्विस नंबर-14357332X, निवासी- शीतला मंदिर के पास शिवनगर कुम्हरपुरा मुरार, ग्वालियर (म.प्र) यह है की मेरे पति स्व. रूपनारायण शर्मा की आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम पुष्पा शर्मा PUSHPA SHARMA गलत हो गया है। जिसको PUSPA SHARMA दर्ज कराया जावे। एवं जन्मतिथि 09/08/1963 के स्थान पर 05/07/1965 दर्ज की जावे।**

### आम सूचना

श्रीमती रेखा श्रीवास पत्नी श्री शिव शंकर श्रीवास के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम बड़ागाँव, प.ह.नं.91, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.61 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1062 ग्राम बड़गाँव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भूखण्ड दीगर, उत्तर में-भूखण्ड राकेश एवं दक्षिण में-भूखण्ड दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री देवेन्द्र सिंह, श्री वीरेन्द्र सिंह, श्री महेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री प्रहलाद सिंह, रामरती बाई पुत्री श्री प्रहलाद सिंह, श्री फूल सिंह, श्री उदय सिंह, श्री बालवीर, श्री तिलक सिंह पुत्रगण श्री रामचंद्र, मीराबाई पुत्री श्री रामचंद्र, श्री सुरेन्द्र सिंह, श्री ओमप्रकाश, श्री भागीरथ, श्री संतकुमार पुत्रगण श्री लक्ष्मण सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री कन्हैयालाल के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री सुनील पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र. एमपी 142592018ए4767127 दिनांक 22.11.2018 को सम्पादित किया गया। श्री राजेन्द्र सिंह जर्ये मुख्त्यारआम श्री सुनील द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रेखा श्रीवास पत्नी श्री शिव शंकर श्रीवास को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142592019ए1611371 दिनांक 29.08.2019 से विक्रय की गई। श्रीमती रेखा श्रीवास द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

### उठावनी



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**हरी पाल (नेता प्रतिपक्ष न.नि. ग्वालियर)**
के बड़े भ्राता
**श्री रमेश पाल जी**
का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन दिनांक 19 मार्च 2026, गुरुवार को हो गया है, जिनकी **उठावनी** आज दिनांक 20 मार्च 2026, शुक्रवार को सायं 4 से 5 बजे तक
स्थान : चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन, लश्कर, ग्वालियर पर रखी गई है।
शोकाकुल : **हरी पाल (नेता प्रतिपक्ष न.नि. ग्वालियर) (भाई)**, **श्रीमती विमला पाल** (पूर्व पार्षद न.नि. ग्वालियर) (बहिन), धर्मेन्द्र, अन्नू, सोनू, राकेश (भांजे), नवीन पाल (पुत्र), मुनेन्द्र पाल (भतीजा), मेदान्स (पौत्र), समस्त पाल परिवार एवं मित्रगण
मोबा. 9827562900, 7974810910


आगामी
ईस्टर (5 अप्रैल) तथा
चैत्र नवरात्रि (19 मार्च से)
रमजान ईद उल फितर (20-21 मार्च) की
सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकानाएं।
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460